हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 11 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

सरगुजा में सामान्य से 67 फीसदी कम वर्षा मौसम की बेरूखी ने बढ़ाई किसानों की चिंता 4




SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


# ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के प्रति लोगों में बढ़ा भरोसा, भीम यूपीआई से लेनदेन में तीन गुना वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग खबर

आधुनिकता के इस युग में लोगों का भरोसा डिजिटल ट्रांजैक्शन की ओर बढ़ा है। अब लोग बेखौफ होकर होकर ऑनलाइन लेन देन कर रहे है और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के बाजार में सरगुजा जिले में भी ढाई से तीन गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। महज एक वित्तीय वर्ष में सरगुजा जिले के अंदर भीम यूपीआई एप के जरिए 18 हजार 646 करोड़ का लेन देन किया गया है और इस बात की पुष्टि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के पोर्टल से हो रही है। वर्तमान समय में लोगों का झुकाव इंटरनेट बैंकिंग की ओर बढ़ा है और अब लोग छोटी छोटी जरूरतों के लिए ऑनलाइन भुगतान करने को तरजीह दे रहे है। हालांकि शुरुआती दौर में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन को लेकर लोगों में अपने पैसों की सुरक्षा को लेकर भ्रांतियां थी लेकिन वर्तमान समय में लोगों का जीवन पूरी तरह से ऑनलाइन लेनदेन पर निर्भर हो गया है। यही वजह है कि लोग चाय के ठेले में 5 रूपए की चाय पीने से लेकर दुकानों में हजारों रुपए का सामान खरीदने के लिए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का उपयोग कर रहे है। यही वजह ही कि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की संख्या के आंकड़ों में तेजी से इजाफा हुआ है। स्टेट लेबल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) के अधिकृत पोर्टल पर दिए गए आंकड़ों पर नजर डाले तो सरगुजा जिले में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में तीन गुना तक का इजाफा हुआ है। ऐसा इस लिए क्यों कि मार्च 2023 तक भीम यूपीआई के जरिए 6 हजार 299 करोड़ 87 लाख रुपए का लेनदेन किया गया था जबकि मार्च 2024 की स्थिति में एक साल के भीतर लेनदेन का आंकड़ा बढ़कर 18 हजार 646 करोड़ 44 लाख रुपए तक पहुंच गया है।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अनुसार सरगुजा में 18 हजार 646 करोड़ का कारोबार

### आंकड़ों पर नजर

ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए लोग अलग अलग प्लेटफॉर्म का उपयोग करते है। इनमें सर्वाधिक लोग भीम, यूपीईआई पर भरोसा कर रहे है। इसे इस लिए क्यों कि मार्च 2023 तक इस एप का उपयोग 1 करोड़ 4 लाख 36 हजार 222 बार कियाया गया था जबकि मार्च 2024 की स्थिति में यह संख्या बढ़कर 3 करोड़ 59 लाख 98 हजार 426 तक पहुंच गई है। लोगों ने एक वर्ष में 18 हजार 646 करोड़ 44 लाख का लेनदेन भीम यूपीईआई के जरिए किया है। इसके साथ ही भीम आधार के जरिए 1 हजार 958 करोड़ 74 लाख का लेनदेन विगत वर्ष किया था जबकि इस बार इसमें भारी गिरावट आई है और महज 17 लाख रुपए का लेनदेन हुआ है। भारत क्यूआर कोड के जरिए 5 करोड़ 45 लाख का लेनदन विगत वर्ष हुआ जबकि इस बार 26.32 करोड़ का लेनदेन हुआ। आईएमपीएस के जरिए विगत वर्ष 56797.63 करोड़ का लेनदेन हुआ जबकि इस वर्ष इसमें भी गिरावट आई है और महज 11261.50 करोड़ का लेनदेन हुआ। इसी तरह क्रेडिक डेबिट कार्ड से विगत वर्ष 348.25 करोड़ का लेनदेन हुआ जबकि इस वर्ष 393.79 करोड़ का लेनदेन हुआ है।

### लोगों का बढ़ा है भरोसा

ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के प्रति लोगों में जागरूकता आई है और अपनी सुविधाओं के अनुसार इसका उपयोग कर रहे है। सरगुजा जिले में भीम यूपीआई के जरिए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में भी वृद्धि दर्ज की गई है जो अच्छी बात है। लोगों का भरोसा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर बढ़ा है।
दीपेंद्र यादव एलडीएम सरगुजा

### इन बातों का रखे ध्यान

ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की संख्या में वृद्धि हुई है लेकिन इसके साथ ही लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड करने के मामले में लगातार सामने आते रहते है। ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करने से पहले सतर्कता बरतना भी जरूरी है। ट्रांजैक्शन से पहले इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पैसा सही खाते में जा रहा है या नहीं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की धोखा धड़ी होने पर 155260 पर शिकायत की जा सकती है। इसके साथ ही संबंधित बैंक शाखा में जाकर भी लोग अपने खाते को ब्लॉक करा सकते है वहीं साइबर थाने में भी इस ठगी की शिकायत तत्काल दर्ज कराई जानी चाहिए।

## फर्जीवाड़े से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों में मचा हड़कंप

# पीएम आवास की राशि में हेराफेरी के मामले में पहली कार्रवाई, हटाए गए जनपद सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- हरिभूमि की खबर पर प्रभारी मंत्री ने दिए थे कार्रवाई करने के निर्देश

जनपद पंचायत मैनपाट में पीएम आवास की राशि में करोड़ों रूपए का फर्जीवाड़ा प्रशासन के गले की फांस बन गया है। कलेक्टर ने मामले में जनपद सीईओ अमन कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। कलेक्टर की कार्रवाई से मामले से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

जनपद पंचायत मैनपाट में पीएम आवास योजना में जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है। जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने पीएम आवास के पात्र हितग्राहियों की राशि फर्जी लोगों के खाते में ट्रांसफर कर दी है। हरिभूमि ने 17 जून एवं 1 जुलाई के अंक में इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। पिछले दिनों सरगुजा संभाग के प्रवास पर पहुंचे प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने समीक्षा बैठक में हरिभूमि की खबर पर संज्ञान जेते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी तथा मामले में दोषियों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। प्रभारी मंत्री श्री चौधरी के निर्देश पर मामले में कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से जनपद सीईओ अमन यादव को उनके पद से पृथक कर दिया है। हितग्राहियों को समय पर पीएम आवास की राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण सैकड़ों आवासों का निर्माण ठप हो गया है। परेशान हितग्राही महीनों से जनपद कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। हितग्राहियों ने जनपद सीईओ से भी कई बार मामले की शिकायत की लेकिन मामले में कार्रवाई करने के बजाय वे मामले को दबाने की कोशिश करते रहे। हरिभूमि द्वारा इस संबंध में खबर प्रकाशित करने के बाद प्रशासन हरकत में आया। पीएम आवास की राशि में फर्जीवाड़ा का खेल लम्बे समय से चल रहा है तथा इसकी जानकारी पंचायत स्तर के कर्मचारियों से लेकर जिला पंचायत के अधिकारियों तक को है लेकिन किसी ने भी इसे रोकने की कोशिश नहीं की। पीएम आवास के हितग्राहियों के आवास की राशि जियोटेक के उपरांत ही जारी की जाती है। इससे साफ है कि मामले में ग्राम पंचायत के सचिव से लेकर जनपद पंचायत के अधिकारी तक शामिल हैं। जनपद मैनपाट के लगभग सभी ग्राम पंचायतों द्वार मनरेगा में भी करोड़ों रूपए का फर्जीवाड़ा किया है।


जांच में ब्लॉक समन्वयक द्वारा हितग्राहियों की राशि अपात्रो के खाते में जमा करने की पुष्टि
मैनपाट के पीएम आवास हितग्राहियों के किस्त आवंटन में मिली गड़बड़ी

### फर्जी जॉब कार्ड से खेल

पीएम आवास की मजदूरी का भुगतान करने हितग्राहियों को जॉब कार्ड जारी किया जाता है। ग्राम पंचायतें आम सभा में प्रस्ताव पारित कर संपूर्ण जानकारी के साथ हितग्राहियों की सूची जनपद पंचायत कार्यालय को भेजते हैं। जनपद पंचायत की मनरेगा शाखा द्वारा हितग्राहियों का जॉब कार्ड पंजीकृत किया जाता है। जनपद कार्यालय द्वारा परीक्षण किए बिना पात्र हितग्राहियों का जॉब कार्ड फर्जी लोगों के नाम जारी कर दिया है। पीएम आवास की प्रगति पर नजर रखने एवं जियोटिक करने वाले तकनीकी सहायक, सचिव एवं रोजगार सहायकों ने कभी इस फर्जीवाड़े को उजागर नहीं किया और फर्जी जियोटेक कर शासकीय राशि की बंदरबांट करते रहे।

### मजदूरी भुगतान में भी गड़बड़ी

मामले में ग्राम पंचायतों की भी अहम भूमिका है ग्राम पंचायतों ने कभी पीएम आवास के हितग्राहियों का सत्यापन नहीं किया। जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी इस बड़े फर्जीवाड़े पर चुप्पी साधकर फर्जीवाड़ा को बढ़ावा देते रहे। इस फर्जीवाड़े का इस तरह समझें – ग्राम पंचायत कोट बुधियारो पति रामपति के नाम ग्राम समनिया निवासी आशाराम को पीएम आवास की 95 दिन की मजदूरी राशि 12,320 रूपए जारी की गई है। ग्राम नर्मदापुर निवासी बंधु के जॉब कार्ड से लुरैना निवासी ग्रामीण को 29 दिन की मजदूरी 5104 रूपए जारी की गई है जबकि वास्तविक हितग्राही आवास की मजदूरी से वंचित है।

### जनपद सीईओ जिपं कार्यालय अटैच

कलेक्टर पीएम आवास में हुए फर्जीवाड़े के मामले में मैनपाट के जनपद सीईओ अमन कुमार यादव को उनके पद से पृथक कर जिपं कार्यालय में अटैच किया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक संचालक महेन्द्र खाण्डेकर को आगामी आदेश तक जनपद सीईओ के पद पर पदस्थ किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध भी निकट भविष्य में सख्त कार्रवाई करने की सुगबुगाहट है।

### की गई है कार्रवाई

कलेक्टर ने आदेश जारी कर जनपद सीईओ अमन कुमार यादव को पद से पृथक कर दिया है उन्हें जिपं कार्यालय में संलग्न किया गया है।
-नूतन कंवर, जिपं सीईओ

# ओवरटेक के चक्कर में ट्रक से टकराई बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महिला समेत दो की मौत, क्लीनर ने मौके पर तोडा दम, रघुनाथपुर दर्रीडीह में हुई घटना


दुर्घटनाग्रस्त बस।

मंगलवार की रात एनएच 43 पर बस व ट्रक भिंड़त में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना रघुनाथपुर क्षेत्र के दर्रीडीह चौक पर हुई। घटना का मुख्य कारण बस चालक द्वारा किए जा रहे ओवरटेक के प्रयास को बताया जा रहा है। बस चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया और आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। इस घटना में बस के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि केबिन में बैठी महिला ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे में 9 अन्य लोग घायल हुए है। मामले में पुलिस द्वारा बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि बेदी बस क्रमांक सीजी 15 डीएच 0638 पत्थलगांव से अंबिकापुर की ओर आ रही थी। बस रात लगभग 8 बजे एनएच 43 पर लुंड्रा के रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत ग्राम दर्रीडीह चौक के समीप पहुंची थी। इस दौरान बस के आगे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएम 5411 रायगढ़ से कटनी जा रहा था। पुलिस के अनुसार बस के चालक ने ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया और इस दौरान बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। वाहन की रफ्तार अधिक होने के कारण बस के केबिन का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान बस में 35 से 40 यात्री सवार थे टक्कर के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया लेकिन घटना में बस के क्लीनर सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम देवगढ़ जूनापारा निवासी 38 वर्षीय शिवशंकर भगत आ. स्व. हीराराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान चालक बस के गेट पर खड़ा था और टक्कर के बाद वह बुरी तरह से घायल हो गया था। इसके साथ ही घटना में 11 अन्य लोग घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने बस चालक सेदम निवासी सुरेंद्र राम आ. प्रीत राम को हिरासत में लेकर बीएनएस की धारा 281, 125(क), 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### महिला ने अस्पताल में तोडा दम

बस व ट्रक के बीच हुई दुर्घटना में घायल यात्रियों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां भोर में महिला सीतापुर भरतपुर निवासी 50 वर्षीया इसफिलिना लकड़ा पति जहर साय की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला घर से अस्पताल जाने के नाम पर बस से निकली थी। इसके साथ ही इस घटना में अरुणा लकड़ा, अनिल गुप्ता, राज, जयकुमार, जुनैद अंसारी, सबा परवीन, मोहम्मद समशीर, इंद्र कुमारी, सन्ना घायल हुए थे। इनमें से कुछ घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## बाइक सवार पिता-पुत्र को बोलेरों ने मारी टक्कर, पिता की मौत

ग्राम लालमाटी से पटकुरा घर लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को ग्राम सती घुटरा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम पटकुरा निवासी बंधना राम अगरिया आ. स्व. सुंदर अगरिया (60 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में पुत्र कन्हैया अगरिया के साथ बाइक से ग्राम लालमाटी गए थे। दोपहर लगभग 3.30 बजे दोनों लालमाटी से वापस घर जाने के लिए निकल और जैसे ही रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम सतीघुटरा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बंधना राम को मृत घोषित कर दिया जबकि पुत्र कन्हैया का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### घाट पेंडारी में पलटा डीजल भरा टैंकर, सवार गंभीर



**प्रतापपुर।** चंदौरा थाना हाईवे रोड अंतर्गत घाट पेंडारी घाट में डीजल लोड टैंकर देर रात अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बनारस ले जाया गया है। इधर देर रात ही टैंकर से बह रहे डीजल को लेने लोगों की भीड़ उमड़ गई। बताया जा रहा है कि टैंकर में करीब 24 हजार लीटर डीजल भरा हुआ था जो राधा चेन्नई कंपनी के बताई जा रही है। रात्रि कालीन टैंकर पलटने से टैंकर का डीजल सड़क पर बहने के कारण रात को ही डीजल लूटने वालों का लाइन लग गया। डीजल लोड टैंकर के पलटने की जानकारी लगते ही आसपास क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। और लोगों में डीजल के लिए मारामारी हो गई। संभावना जताई जा रही है कि चालक को नींद का झपकी आने से अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बनारस ले जाया गया है। सड़क के बीच टैंकर वाहन के पलट जाने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आज सुबह चंदौरा पुलिस ने डीजल से भरे ट्रक को जेसीबी के माध्यम से सड़क किनारे लाया जिसके बाद आवागमन बहाल हो सकी।

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले प्रधान पाठक, निलंबित

**राजपुर।** शैक्षणिक सत्र के दौरान शिक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। बीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित पाए जाने पर प्रभारी प्रधान पाठक को डीईओ ने निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत परती के प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक सहायक शिक्षक एलबी लक्ष्मी टोप्पो 3 जुलाई को बीईओ के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर बीईओ द्वारा प्रतिवेदन बनाकर डीईओ को दिया गया था। शिकायत प्रतिवेदन के आधार पर डीईओ ने सहायक शिक्षक व प्रभारी प्रधान पाठक लक्ष्मी टोप्पो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# प्रीमियम पटाने की मोहलत खत्म, प्रशासन ने सील की तीन दुकानें

**सीतापुर।** प्रीमियम राशि भुगतान को लेकर दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद नगर पंचायत ने प्रतीक्षा बस स्टैंड की तीन दुकानों को सील कर दिया है। बुधवार को नगर पंचायत और पुलिस विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों को सील करने की कार्रवाई की जबकि इसके पूर्व भी आठ दुकानों को सील किया जा चुका है।

बता दें कि नगर पंचायत द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैंड में दुकानों की नीलामी के बाद प्रीमियम नहीं पटाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की थी। वर्षों से प्रीमियम राशि और दुकान किराया नहीं पटाने वाले आठ दुकानों को एसडीएम के नेतृत्व में नगर पंचायत, राजस्व विभाग द्वारा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सील कर दिया गया था। इस कार्रवाई के दौरान तीन दुकानदारों ने बकाया प्रीमियम राशि भुगतान के लिए तीन दिन की मोहलत मांगी थी जिसके बाद उन्हें समझाइस देकर छोड़ दिया गया था लेकिन प्रशासन द्वारा दी गई समय सीमा में भी व्यवसायियों ने प्रीमियम राशि का भुगतान नहीं किया और समय सीमा समाप्त होने के बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि कार्रवाई के बाद कुछ दुकानदारों ने 5 लाख 67 हजार 5 सौ रुपए की बकाया राशि का भुगतान किया लेकिन जिन दुकानदारों को मोहलत दी गई उन्होंने प्रीमियम राशि जमा नहीं की। इसे में आज पुनः प्रशासन व नगर पंचायत की टीम बस स्टैंड पहुंची और दुकानों को सील कर दिया गया। इस संबंध में सीएमओ नपं ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि दुकानदारों को बार बार नोटिस देने के बाद भी उनके द्वारा प्रीमियम राशि नहीं पटाया जा रहा था। जिसकी वजह से दुकानदारों के विरुद्ध सील बंद की कार्रवाई की गई है। जिन्होंने प्रीमियम की पूरी राशि नगर पंचायत में जमा कर दी है उन्हें नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में विधिवत पंजीयन नहीं कराने पर उनकी दुकानें भी सील कर दी जायेंगी।

## घटिया निर्माण देख भड़के लोनिवि प्रभारी, दिया भुगतान रोकने का निर्देश

# साढ़े नौ करोड़ से शहर में डामरीकरण, उखड़ने लगी गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य में अधिकारियों व ठेकेदारों द्वारा जमकर लापरवाही बरती गई है। डामरीकरण का कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है और सड़कें एक बार फिर से उखड़ने लगी है। सड़क निर्माण में की गई लापरवाही का मामला उजागर होने के बाद ननि के लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने स्वयं सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खराब सड़कों को उखाड़कर नए सिरे से निर्माण कराने तक ठेकेदार का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। इस दौरान सड़क की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को भी फटकार लगाई और निगम क्षेत्र के सभी सड़कों की जांच निगम से इतर दो अन्य एजेंसियों से कराने की बात कही है।

बता दें कि वर्तमान में शहर में साढ़े नौ करोड़ की लागत से 74 सड़कों में डामरीकरण का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। शुरुआत में ही टेंडर होने के बाद ठेकेदार व अधिकारियों द्वारा देर से डामरीकरण का कार्य शुरू कराया गया और फिर बारिश आने का बहाना बनाकर रात के अंधेरे में सड़कों के डामरीकरण का कार्य किया गया। रात के समय डामरीकरण के दौरान कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं रहता था और ठेकेदार ने जमकर मनमानी की। यही वजह है कि आधा दर्जन से अधिक सड़कों में गिटटी उखड़ने और गुणवत्ता में अनदेखी की शिकायत वार्डवासियों की ओर से की गई। शिकायत मिलने के बाद ननि के लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने नगर निगम के प्रभारी ईई सन्तोष रवि, एसडीओ दुष्यंत बजाज एवं तकनीकी अमले से साथ सड़को का निरीक्षण किया। इस दौरान देवीगंज वार्ड में चित्र मन्दिर के पीछे, नमनाकला में शनि मंदिर के पास, कुंडला सिटी कालोनी पहुच मार्ग, गणेश दादा गली में प्रदीप आता चक्की के पास, होली क्रॉस के पीछे, अयान मार्ग और नेपाल लॉज के पास सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी साफ नजर आयी। निर्माण में लापरवाही से नाराज लोनिवि प्रभारी ने निगम आयुक्त को ठेकेदारो का भुगतान रोकने, अमानक निर्मित सड़को का पुनर्निर्माण कराने का निर्देश दिया है। उन्होने निगम क्षेत्र की सड़कों की जांच राज्य सरकार की किन्ही दो निर्माण एजेंसियों से जांच कराने कहा है। उन्होंने खराब सड़को के पुनर्निर्माण और सरकारी जांच एजेंसियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

## जुआ खेलने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुलिस ने जुआ खेलने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीतापुर पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम धारापुर में सार्वजनिक स्थल पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने मौके से सीतापुर प्रतापगढ़ निवासी 35 वर्षीय छोटन सिंह उर्फ विनय कुमार व मुरता निवासी 30 वर्षीय सुजीत गुप्ता को हिरासत में लेकर उनके पास से एक हजार रुपए नगद व ताश की पत्ती बरामद की। पुलिस ने आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज किया है।


सुभाष कान्वेंट हा.से.स्कूल उदयपुर में निम्नलिखित शिक्षिकों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा सहित आवेदन पत्र दिनांक 16/07/24 तक कार्यालय सुभाष कान्वें हा.स्कूल उदयपुर के नाम से भेजकर या स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। ;

आवश्यकता पड़ने पर 8770430005, 7987198118 पर वाट्सप कर सकते है।

अम्बिकापुर के आसपास के अभ्यर्थी सुभाष कान्वेंट कार्यालय रिंगरोड बौरीपारा में भी अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

| पद | विषय | पद |
|---|---|---|
| व्याख्याता | रसायन शास्त्र | 02 |
| व्याख्याता | जीव विज्ञान | 02 |
| व्याख्याता | भौतिक | 01 |
| व्याख्याता | गणित | 02 |
| व्याख्याता | हिन्दी | 02 |
| व्याख्याता | अंग्रेजी | 03 |

बी.एड., डी.एल.एड को प्राथमिकता, तेतनमान योग्यतानुसार डेमो के पश्चात निर्धारित की जाएगी

सुभाष कान्वेंट हा.से.स्कूल उदयपुर ✆ 8770430005, 6267109644

10- Ambikapur Bhoomi -pg 2_Layout 1 7/10/2024 9:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नर्सिंग की छात्रा को मिली मदद

**बैकुण्ठपुर।** जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम पंचायत पटना में श्रम विभाग के छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजना मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बीएससी नर्सिंग में अध्ययनरत होने पर छात्रा कुसुम कुमारी पिता इजरज दास एवं छात्रा सुमन पिता उमेश को 4500-4500 रूपए का चेक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा वितरण किया गया।

### लोगों को नहीं मिल रही है बिजली

**मनेन्द्रगढ़।** बिजली में कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस एमसीबी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने साय सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली कटौती और दरों में वृद्धि से हर कोई परेशान है। लोगों को बिजली मिल नहीं रही, बिल ज्यादा आ रहा है। वहीं राजस्व पखवाड़े में पटवारियों की हड़ताल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सभी विभागों में यही स्थिति बनी हुई है। कौन सा विभाग ऐसा है जहां काम ठीक से चल रहा है। हर विभाग में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है और आए दिन हो रही हत्या लूट की घटनाओं से लोग त्रस्त है। जीएसटी विभाग व्यापारियों को प्रताड़ति कर रहा है।

### पीडीएस दुकान में मिली अनियमितता

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उचित मूल्य दुकान रतनपुर आईडी क्रमांक 532004046 का निरीक्षण जिला खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर, खाद्य निरीक्षक खड़गवां दीपक कुमार प्रधान एवं खाद्य निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ सदानंद पैकरा द्वारा किया गया। कार्यालय को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार जांच में गंभीर अनियमितता पाई गई।

### उमस से आमजन हलाकान, वायरल बीमारी भी बढ़ी

# थमी बारिश, खेतों में पानी की कमी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय सहित कोरिया जिले के कई क्षेत्रों में बीते तीन दिनों से बारिश नहीं होने के कारण लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान थोड़ी देर के लिए बिजली कटौती हो जाती है तो उमस के कारण लोगों को बेहाल होना पड़ रहा है।

मंगलवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज की गई। इस दिन सुबह होने के साथ ही धूप खिल गई थी, लेकिन दोपहर में आसमान में हल्के बादल रहे, इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। उल्लेखनीय है कि जून के अंतिम दिनों से मानसून के सक्रिय होने के बाद जुलाई के पहले सप्ताह के कुछ ही दिन अच्छी बारिश हुई, कभी केवल बौछार पड़ी, इसके बाद तीन दिनों से जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में मानसून सामान्य होने के कारण मानसूनी गतिविधियां कम हो गई है, इसके कारण तीन दिनों से बारिश थम गई है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होकर थम जा रही है। वर्तमान में झमाझम बारिश होने की उम्मीद लगाए किसान खेती की तैयारी कर रहे हैं।



रोपाई कार्य बाधित।



सूखा खेत।

### रोपाई कार्य प्रभावित

कई क्षेत्रों में रोपा कार्य शुरू हो गया, लेकिन इसी बीच कई दिनों से बारिश की गतिविधियां रूक गई है। इसके कारण रोपा कार्य भी जोर नहीं पकड़ पा रहा है। पूर्व में हुई अच्छी बारिश के चलते जिले के कुछ किसानों के द्वारा जो कि पहले ही धान की नर्सरी तैयार कर लिए थे, उनके द्वारा कुछ खेतों में रोपा कार्य पूरा कर लिया गया है, लेकिन इसके बाद बारिश के थम जाने से खेतों में जमा पानी भी सूख गया है। ऐसे में रोपा कार्य प्रभावित हो रहा है।

## भइयालाल ने तिरंगा पट्टा दिलाने की मांग की

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।

जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन मेंअपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 9 जुलाई को कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में घनश्याम निवासी साल्ही ने मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत सड़क निर्माण उचित ढंग से न किए जाने के विरूद्ध शिकायत, राहुल गायकवाड़ निवासी लालपुर ने खेती से वंचित करने के संबंध में, भईयालाल निवासी घुटरा ने तिरंगा पट्टा दिलाए जाने के लिए, रणजीत सिंह निवासी खमरौंध ने सामाजिक सुरक्षा एवं रोजगार दिलाने के लिए,राजेन्द्र कुमार जैन निवासी मनेन्द्रगढ़ ने पिता को प्राप्त पट्टे की भूमि पर बड़े भाई द्वारा जबरन एकाधिकार करने के लिए समेत अन्य ने शिकायत की। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



* **मनेन्द्रगढ़।** जिले के ग्राम पंचायत चनवारीडांड़ में बैगापारा में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202404021700003 /अ-21/2023-24

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक निर्मल हलदार आ. ज्योतिष हलदार, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 56/1 रकबा 0.610 हे. में से रकबा 0.040 हे. (10 डिसमिल) भूमि आवेदक को अपने पिता के ईलाज हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका राजकुमारी साहू आ. श्यामलाल साहू, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 3,90,000/- (तीन लाख नब्बे हजार रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/08/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स माँ महामाया बिल्डर्स एण्ड डेव्हलपर्स द्वारा पार्टनर सुनील कुमार सिन्हा आ. स्व. जमुना प्रसाद सिन्हा निवासी मोहल्ला मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4451/17 रकबा 0.020 हे. मे से 34.85 वर्गमीटर भूमि एवं उस पर बने अपार्टमेंट को अनावेदक यशोदा गुप्ता पत्नी रामकृपाल गुप्ता निवासी तहसील आफिस के पीछे सीतापुर तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रुपये 28,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07/08/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 28/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुदा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**


## ईंट का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बुधवार को जिला खनिज अधिकारी भूषण कुमार पटेल ने एक रेती मिनी हाइवे सीजी 16 सीजी 6923 को अवैध परिवहन करते पटना में जब्त की, वहीं छिन्दडांड़ में अवैध परिवहन करते एक र्इंट से भरे ट्रैक्टर सीजी 29 एजी 0121 को पकड़ा गया।

जिला खनिज अधिकारी श्री पटेल ने जानकारी दी है कि जब्त वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन चालक अशोक बेक व भुवन तथा वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हाईवे को पटना थाना तथा ट्रैक्टर को चर्चा के सुपुर्द की गई है। मिनी हाइवे ट्रक का मालिक जगदीश साहू व ट्रैक्टर मालिक राजकुमार साहू बताया गया है। खनिज अधिकारी श्री पटेल ने जानकारी दी है कि गौण खनिज के तस्करों व अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जिला खनिज अमला के खनिज सिपाही लिकेश देवांगन, मेवाराम कनोजिया एवं भोजेश्वर यादव शामिल रहे। विदित हो कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में खनिज विभाग को गौण खनिज के परिवहन की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स इस्टेट बिल्डकॉन द्वारा डायरेक्टर सुनील कुमार सिन्हा आ.स्व. जमुना प्रसाद सिन्हा निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 15/2 रकबा 0.368 हे. भूमि में से 2070 वर्गफीट भूमि को अनावेदक विनोद प्रसाद गुप्ता आ. जानकी प्रसाद गुप्ता निवासी कन्या परिसर रोड पटपरिया तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 6,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 18/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स इस्टेट बिल्डकॉन द्वारा डायरेक्टर आर्यन गुप्ता आ. विनोद प्रसाद गुप्ता द्वारा मुख्तार आम विनोद प्रसाद गुप्ता आ.स्व. जानकी प्रसाद गुप्ता निवासी कन्या परिसर रोड पटपरिया तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 15/2 रकबा 0.368 हे. भूमि में से 2070 वर्गफीट भूमि को अनावेदक सुनील कुमार सिन्हा आ.स्व. जमुना प्रसाद सिन्हा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के पास अंकन राशि रुपये 6,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 18/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**




ज्ञापन सौंपने पहुंचे लिपिक।

## 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते समेत अन्य मांगें पूरी हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की है।_र ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते 22 जून को कर्मचारी भवन गौरव पथ रायपुर में आयोजित जिला एवं संभागीय तथा प्रांतीय पदाधिकारियों के द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए ध्यानाकर्षण करा ज्ञापन 10 जुलाई को सौंपा गया। इसमे मांगों पर विचार कर शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की गई।


TOP IN SURGUJA

अमृत काढ़ा काजमी — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती हैं !
विजरा माल्ट — यह दवा पुरुष बाँझपन एवं नपुसंकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा हैं ! पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज
विजरा पावर — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शिथिलता एवं शीघ्रपतन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूति करायेगा
निर्माताः-चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो.9826461355

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफाइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
EMERGENCY SERVICE 24X7
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
कम खर्च में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanasi
दिनांक - 14 जुलाई 2024, रविवार
समय : सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक
रायपुर के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, CCPM (NIMHANS Bangakore)
दिनांक - 9 जुलाई से 13 जुलाई 2024
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
शाम : 5 बजे से 8 बजे तक
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

2008 से संचालित
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
KRTC.CO.IN
NAAC B+
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA | BCA | BSC BIO | BSC MATH | BSC COMPUTER SCIENCE | MCOM | MSW | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY
BCOM | BBA | BA | PGDBM | PGDCA | MSC MATH | MSC CS | MSC IT | MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें : पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

आसरा महाविद्यालय
7987588781 9201487773
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO Botany, Zoology, Chemistry
B.A History, Sociology, Political Science
B.C.A All Compulsory Subjects
D.C.A All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A All Compulsory Subjects
-: CAMPUS :- Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra,Dist - Surguja (C.G)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन – शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

सरगुजा मार्केट

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

हृदय रोग ओपीडी
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 13 जुलाई 2024, शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9827872666

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D., DM (ENDO)
मधुमेह (शुगर), थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरु
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.तुषार जैन
M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नही रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा MD, DM (Neurologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ...
डॉ संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
रायपुर के सुप्रसिद्ध स्पाईन सर्जन एवं न्यूरोसर्जन
डॉ. मनीष टावरी MS, MCH (Neurosurgery)
14 जुलाई 2024 प्रत्येक माह के दूसरा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सदस्य के निवास में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की बैठक

**बिश्रामपुर।** चैंबर ऑफ कामर्स की अनौपचारिक बैठक चैंबर के सदस्य सुभाष गोयल के निवास में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित चैंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, ज़िला प्रभारी कन्हैया गुप्ता, युवा कार्यकारी अध्यक्ष शंकर बजाज, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कैट प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, कैट ज़िला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कैट प्रदेश मंत्री शुभम अग्रवाल रहे, बिश्रामपुर के सदस्यों को चैंबर द्वारा चलाये जा रहे अभियानों से अवगत कराया गया ,साथ ही सदस्यों से सार्थक विचारों का आदान प्रदान किया गया और सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने हेतु आग्रह किया गया।इस दौरान उपस्थित कुछ व्यापारियों ने इस अभियान से जुड़ने और सदस्यों को जोड़ने के लिए संकल्प लिया।आयोजित बैठक में ख़ज़ानचंद जिंदल, चरण सिंह अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, श्यामलाल गोयल, मोहन लाल अग्रवाल, ललित गोयल, अशोक अग्रवाल, विनोद जिंदल, अनिल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गोपालपुर कोटवार ने अज्ञात कारणों से की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर के कोटवार शिवलाल पिता फुलसाय पनिका 52 वर्ष ने बुधवार को अज्ञात कारणों से घर में ही खुदकुशी कर ली। सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक ने तीन वर्ष पूर्व दूसरी शादी की थी, वह उसी के साथ रहता था, प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों शराब सेवन के आदी थे, दोनों के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था, इस दौरान बुधवार को उसने अपने घर के मयार में फांसी लगा खुदकुशी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### पांच साल बाद शुरू नहीं हो सका पानी टंकी निर्माण

# नल-जल योजना से वंचित ग्राम पंचायत सुवारपारा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्राम पंचायतों में पानी टंकी निर्माण के साथ पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। विकासखंड बतौली क्षेत्र के सुवार पारा में कार्य प्रारंभ किया गया। घरों तक नल कनेक्शन व चबूतरा का निर्माण किया गया परंतु पानी टंकी निर्माण आधा अधूरा बना कर छोड़ दिया गया। अब जब बरसात का मौसम शुरू हुआ तो पांच साल बाद अधूरे पानी टंकी का कार्य शुरू किया गया। ऐसे में क्षेत्र ग्रामीणों को घरों में शुद्ध पेयजल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- शुद्ध पेयजल के लिए ग्रामीणों को करना पड़ सकता है इंतजार

विकासखंड बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत लगभग दो साल पूर्व से ही काम शुरू किया गया था। लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता एवं ठेकेदारों के मनमानी रवैया के कारण आज तक ग्रामीणों के घरों तक पेयजल के लिए नल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ब्लाक में कही भी किसी पंचायत में सही ढंग से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। गौरतलब है कि बतौली विकासखंड अंतर्गत पोकसरी, सेदम, कपाटबहरी, बालमपुर, सुवारपारा, बासेन, मंगारी सहित कई ग्राम पंचायतों में आज तक काम पूरा नहीं हो सका जिससे आधे-अधूरे काम होने से क्षेत्र के ग्रामीण नल जल योजना का लाभ से वंचित है। ग्राम पंचायत सुवारपारा में पांच वर्ष पूर्व पीएचई विभाग द्वारा 26 लाख की लागत से पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू किया था लेकिन उसे आधा अधूरा ही छोड़ दिया गया। पानी टंकी के अधूरे होने घरों तक पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। ग्रामीणों की लगातार की जा रही मांग पर पांच साल बाद एक बार फिर पानी टंकी निर्माण कार्य शुरू किया गया है। पानी टंकी के निर्माण होने से अब ग्रामीणों को घरों तक पेयजल की सप्लाई होने की आस जगी है। लेकिन बरसात शुरू होने से बारिश के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो सकती है जिससे क्षेत्र के लोगों को पानी टंकी से पेयजल की सप्लाई के लिए अभी और भी इंतजार करना पड़ता है।



निर्माणाधीन पानी टंकी।

**चबूतरा बना शो पीस**

विकासखंड बतौली क्षेत्र में नल जल योजना का काम शुरू होने तथा घरों के सामने नल के साथ चबूतरा का निर्माण करने से ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने की आस जगी। हैरानी की बात यह है कि घरों में चबूतरा के साथ नल तो लगा दिया गया परंतु पानी टंकी निर्माण अधूरा होने के कारण पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों के घरों के सामने बनाए गए चबूतरा महज शो पीस बन कर रह गई है।

**गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य**

जल जीवन मिशन योजना के तहत अधिकांश गांवों में जो काम चल रहा है। ग्रामीणों ने कराए जा रहे निर्माण को न सिर्फ घटिया बताया कि बल्कि गुणवत्ताहीन कराने का आरोप लगाया है। पानी सप्लाई के लिए बन रहे पानी टंकी, नल कनेक्शन एवं पाईप के गुणवत्ता को लेकर गांव के लोग असन्तुष्ट है।

**अधूरे काम जल्द होंगे पूर्ण**

ग्राम पंचायतों में जहां जहां अधूरा काम है उसे जल्द ही पूर्ण कराई जाएगी। अधूरा पानी टंकी का कार्य शुरू किया गया है। टंकी पूर्ण होने के बाद जल्द ही ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ मिलेगा।

-कपिल वर्मा, पीएचई अधिकारी



ग्रामीणों को बर्तन देते वन अधिकारी।

## हाथी प्रभावित गांवों में किया गया बर्तन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

हाथी प्रभावित बस्तियों में सामूहिक भोजन बनाने के लिए वन विभाग द्वारा बर्तनों का वितरण किया गया। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बिंदेश्वर सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम द्वारा अब तक ग्राम पतरापारा, मोहनाडिहारी, इमलीपारा एवं बरवाली में बर्तन सामग्री का वितरण किया गया है। हाथी प्रभावित अन्य बस्तियों में भी विभाग द्वारा बर्तन व सामग्री का वितरण किया जाएगा। सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी बिंदेश्वर सिंह ने बताया कि हाथी प्रभावित बस्तियों में सामूहिक भोजन बनाने के लिए डेग, स्टील ड्रम, बाल्टी, जग, थाली, गिलास, करछुल झारा एवं अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिन ग्रामीणों का घर हाथियों ने खण्डहर बना दिया है उनके पास न तो खाने के लिए अनाज बचा है न ही रहने का घर। ऐसे परिवारों का भोजन एक स्थान पर एक साथ बनाया जा सके इसकी व्यवस्था वन विभाग कर रहा है। इस दौरान भाजपा नेता अनिल सिंह, जमुना यादव, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश सोनवानी, अजय वर्मा, सरजू यादव, गोपाल यादव, मोहित नामदेव उपस्थित थे।



## बिजली व्यवस्था से जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

भाजपा सरकार द्वारा टैरिफ में वृद्धि एवं अघोषित बिजली कटौती के विरुद्ध में कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने कहा कि एक ओर महंगाई से जनता त्रस्त है। वही प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिजली की टैरिफ में वृद्धि करते हुए जनता के ऊपर महंगाई का बोझ लाद दिया। भाजपा की 7 माह पुरानी सरकार में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अघोषित बिजली कटौती से पूरा क्षेत्र त्रस्त हो गया है। सरप्लस बिजली वाले प्रदेश में किसान भी बिजली के अभाव में परेशान है। कटौती के अभाव में किसानों की खेती पिछड़ने लगी है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बिजली विस्तार हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसे सत्ता में आते ही भाजपा सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। जो भाजपा की किसान एवं जन विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। धरना प्रदर्शन को बदरुद्दीन इराकी सुनील, मिश्रा बिगन, राम समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, मनसुख राम, घासीराम, सुखदेव राम, शिव गुप्ता, नरेश गुप्ता, आबिद खान, राजू पणिकर, पार्षद अंकुर दास, अनिता पैंकरा, उपसरपंच लोहर साय, राकेश गुप्ता, मतलूब आलम, दिलेश एक्का, रामकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।



### बिजली की कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

**राजपुर।** अघोषित विद्युत कटौती और बिजली बिल की दरों में हुई वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता और किसानों को हो रही परेशानी हो रही है। खेती किसानी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली घोषित कटौती जगजाहिर है। विद्युत कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है और विद्युत आपूर्ति भी नियमित रूप से पूरे दिन नहीं हो रही है। छत्तीसगढ़ में विद्युत दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी से सभी वर्ग के लोगों का कारण भारी बोझ का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, खोरेन खलखो अर्जुन यादव, विकास यादव, देवबलि टेकाम, आदित्य विभु सहित अन्य उपस्थित थे।

### बिजली बिल बढ़ोतरी एवं कटौती के विरोध में प्रदर्शन

**रामानुजनगर।** बिजली बिल की दरों में वृद्धि व लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश रजवाड़े ने कहा कि प्रदेश में बिजली दर में काफी बढ़ोत्तरी हुई जिसका असर लोगों पर पड़ रहा है। इसके अलावा विद्युत कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिए बंद न हो। कांग्रेस सरकार ने पूरे पांच साल 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया था। भाजपा सरकार आते ही यह योजना बंद हो गई। कार्यक्रम को इस्माइल खान, उषा सिंह, विमला सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान महेंद्र साहू , गोपाल शर्मा, चंद्रदत्त दुबे, ऋषि दुबे, हेमेंद्र साहू, धरम चंद सिंह मरावी, धर्मजीत साहू, शिव रजवाड़े, रामकृपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा की बदौलत कुरीतियों एवं बुराइयों को मिटा सकते हैं जड़ से



**सीतापुर।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो शामिल हुए। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभाकक्ष में आयोजित प्रवेश उत्सव में उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश मतलब सुनहरे भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ाना है। इसके बाद आप जितनी मेहनत करेंगे उतनी ही सफलता की सीढ़ी तय करते जायेंगे। शिक्षा वो हथियार है जिसकी बदौलत आप सारी कुरीतियों, बुराइयों को जड़ से मिटा सकते है। शिक्षा में इतना दम है कि वो आपको शून्य से शिखर तक पहुंचा सकता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि विद्यार्थी जीवन मे आप शिक्षा को अपनी ताकत बनाये ताकि भविष्य में आपको मंजिल तय करने में कोई दिक्कत न हो। शिक्षा समिति के अध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष शैलेष सिंह ने कहा कि शिक्षा हमे अंदर से मजबूत और बाहर से विनम्र बनाती है। ये हमारे अंदर संस्कार के साथ जीवन जीने की शक्ति प्रदान करती है। पद और प्रतिष्ठा के साथ जो हमें समाज में एक अलग पहचान दिला सकती है वो है शिक्षा। कार्यक्रम के दौरान बीते शिक्षा सत्र में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को विधायक रामकुमार टोप्पो ने 15 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा पूछे गए सवालों का सही जवाब देने वाले छात्रों को 5 हजार रुपये देने की घोषणा की। इस दौरान विधायक ने विद्यालय में शौचालय पेयजल व्यवस्था एवं प्रवेश द्वार हेतु 5 लाख रुपए समेत कोचिंग सेंटर में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 करने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा ने अनिल अग्रवाल ने वाटर कूलर देने की घोषणा की। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाते हुए मुँह मीठा करा शाला प्रवेश कराया गया। इसके साथ ही 36 दिव्यांग बच्चों को भी शाला प्रवेश कराते हुए विधायक द्वारा व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, एमआर किट, सीपी चेयर, डिजिटल बुक एवं स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने किया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, रूपेश गुप्ता, नीरू मिस्त्री, सुनील गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, संगीता कंसारी, संजय गुप्ता, बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, बीआरपी मीना गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

- शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक, की अनेकों घोषणाएं

**छात्रा की शिकायत पर किया वार्ड का निरीक्षण**

बारिश के दिनों में पानी निकासी के अभाव में गली में गंदा पानी जमा होने की शिकायत पर विधायक रामकुमार टोप्पो मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। शालाप्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के अंबेडकर वार्ड क्र-7 की छात्रा ने विधायक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। छात्रा ने बताया कि बारिश के दिनों में पानी निकासी के अभाव में वार्ड में पानी जमा हो जाता हैं। जिसकी वजह से उस वार्ड में आने जाने के दौरान काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। छात्रा की शिकायत पर विधायक रामकुमार मौके का जायजा लेने पहुंचे जहां गली में जमा पानी देख वार्ड के लोगो से इसकी वजह पूछी। लोगो ने बताया कि वर्षों पुरानी नाली पर अतिक्रमण कर लिया गया है। नाली के अभाव में निकासी नही होने के कारण बारिश का पानी गली में जमा हो जाता है। इस संबंध में विधायक ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



### अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

**बतौली/सेदम।** संकुल स्तरीय एवं सेजेस बिलासपुर द्वारा संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव में सरपंच सहित उपस्थित अतिथियों ने तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्कूल के शिक्षक रजत कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत की सरपंच खुलासो देवी, परमेश्वर राम, फुल साय लकड़ा, सौरभ गुप्ता ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताया एवं नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। वहीं स्कूल की व्याख्याता अंजलि गुप्ता, सत्यम यादव एवं रोहित गुप्ता द्वारा बच्चों को विद्यार्थी जीवन के महत्व को बताया। इस अवसर पर अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय में संकुल स्तरीय न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान नंदकुमार गुप्ता, जुलेता कुजूर, दयावती केरकेट्टा, नरेश गुप्ता, तिलक राम भगत, संचिता रेलवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

**मंगारी में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव**- नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, लड्डू खिलाकर, पुस्तक और गणवेश प्रदान कर शाला प्रवेश कराया गया। बालमपुर सरपंच विद्याधर सिंह द्वारा समस्त नवप्रवेशी बच्चों को कॉपी और पेन दिया वहीं मंगारी संकुल के बनियातीकरा के छठवीं के छात्र अरुण दास को 50 तक पहाड़ा याद होने पर बालमपुर सरपंच द्वारा 1500 रुपए और बीईओ शरद चंद्र मेषपाल द्वारा 1 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया। संकुल केंद्र में नव प्रवेशी दिव्यांग बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड परियोजना अधिकारी, सरपंच,प्राचार्य एवं जन शिक्षक द्वारा बच्चो को संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक जुगेश्वर राम एवं मंच का संचालन सुरेश कुमार साहू शिक्षक द्वारा किया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती जीवन्ति कुजूर, बालमपुर सरपंच विद्याधर सिंह, श्रीमती चूड़ा मणि, बीपीओ उमेश गुप्ता, श्रीमती शांति खलखो, लव कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव में किया गया बच्चों का स्वागत

**बिहारपुर।** पीएम श्री स्कूल महुली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव भाजपा महामंत्री मदन लाल जायसवाल, केन्द्र प्रभारी बैकुंठ प्रसाद जायसवाल, सरपंच सुमित्रा खैरवार के आतिथ्य में मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया। इस दौरान प्राचार्य रामशरण प्रजापति, शाला प्रबंधन अध्यक्ष मदनलाल खैरवार, रामबरन, लक्ष्मण जायसवाल, जितेन्द्र साकेत, ब्रह्मदेव जायसवाल, पवन कुमार जायसवाल, अखिलेश पटेल, रेशम राठिया, लोलीकुंवर, भागीरथी सिंह, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे। भाजपा नेता मदन लाल जायसवाल ने शिक्षा को सर्वोपरि बताया तथा विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने एवं विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही।





### शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दिया गया पुस्तक व गणवेश

**मदनपुर।** शाला प्रवेश उत्सव शासकीय प्राथमिक शाला चंदौरीडांड़ में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद एवं श्रीमती विनीता यादव संकुल प्राचार्य की उपस्थिति में मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों को चंदन टीका एवं मीठा खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदाय किया गया। इस उत्सव के अवसर पर संकुल प्राचार्य द्वारा बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने एवं पालकों जागरूक तथा शिक्षा के प्रति प्रेरित करने किया गया। संकुल समन्वयक अमल चंद्र दास द्वारा बच्चों को विद्यालय आने हेतु सभी माताओं एवं बालकों को प्रोत्साहित किया गया तथा बच्चों को स्कूल पढे बर जिंदगी ला गढे बर का सार्थकता के बारे में बताया। संकुल समन्वयक जुगेश्वर सिंह द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रतिदिन विद्यालय आने एवं शासन के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। प्रधान पाठक बाबूलाल भगत द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती रंजनी गुप्ता एवं तिलासो लकड़ा द्वारा किया गया।

### प्रवेशोत्सव में अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

**रामनगर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करंजी में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव पूर्व जिपं सदस्य एवं भाजपा नेता सत्यनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, राजेश राजवाड़े के आतिथ्य में मनाया गया। नवप्रवेश बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान विद्युतनंदी, संकुल समन्वयक अशोक गुप्ता, राजेश कुमार जायसवाल, ओम प्रकाश योगी, आशा एक्का, एसके सिन्हा, आशुतोष पाठक, शिवप्रताप सिंह सहित संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।



### कन्या उमावि में नवप्रवेशी छात्रों का किया गया स्वागत

**कुसमी।** पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा की मुख्य आतिथ्य में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सहित शिक्षकों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सिद्धनाथ पैकरा सहित सभी अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर ,लड्डू खिलाकर एवं गणवेश, पुस्तक वितरण कर नव प्रवेशी छात्राओं को शाला प्रवेश कराया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष हरीश मिश्रा ने संबोधित करते हुए सभी छात्राओं को अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस दौरान राम वचन पांडे, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता, लक्ष्मण पैकरा, बालेश्वर राम, मो. समीम, विनोद गुप्ता, हरेंद्र पैकरा, रमेश गुप्ता, अर्जुन यादव, विनय यादव, अजय प्रताप सिंह, नगर निरीक्षक जितेंद्र जायसवाल, सुनील नाग, अमरेश्वर पैकरा सहित विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित थे।

# सोनगरा हायर सेकेण्ड्री स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**सोनगरा।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की उपस्थिति में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल व सोनगरा, शंकरपुर संकुल के कक्षा पहली, छठवीं व नवमी कक्षा में नवप्रवेशी छात्र - छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य परमेश्वर पैंकरा द्वारा विद्यालय के अध्यापन व परीक्षा परिणाम के बारे में बताया गया तथा विद्यालय में शौचालय का मांग की। कार्यक्रम में कंवरपारा, नवापारा, सारसताल, पिपरपारा प्राथमिक शाला एवं सारसताल, पिपरपारा माध्यमिक शाला के नवप्रवेशी छात्र -छात्राएं सम्मिलित रहे। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, शरद चन्द्र द्विवेदी, तेजू यादव, दशरथ सिंह, समयलाल मिश्रा, अनूप गुप्ता, गोपाल शरण सिंह, जयबहादुर सिंह, अनुराग द्विवेदी, विकास तिवारी, झरीलाल पैंकरा, पनमेश्वर पैकरा, मुन्ना राजवाड़े, बाबूलाल राजवाड़े, जगदीश सूर्यवंशी, मान साय राजवाड़े, गोटिया सिंह, बृजभूषण यादव, अभिषेक सिंह, विजय सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### केदमा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**केदमा।** ग्राम केदमा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में आज संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती कृतिका सिंह ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। पूर्व जनपद सदस्य प्रेम सिंह तथा प्रधान पाठक रामलाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभिभावक अपने बच्चे को बकरी चराने या अन्य कार्यों में लगा देते हैं जिससे बच्चे पढ़ नहीं पाते और आगे चलकर ज्ञान न होने की वजह से उनको कई प्रकार की समस्याओ का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम पश्चात न्योता भोज में सभी अतिथियों एवं अभिभावक शामिल हुए। इस दौरान प्रदीप चतुर्वेदी, बृजेश चतुर्वेदी, दीनानाथ यादव, श्रीमती रुकमणी सिंह, एपी सोनवानी, रामलाल सिंह, श्रीमती सिलकेन एक्का, मनी लाल साहू, देव मोहन नागवंशी, सूचित कुमार सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।





### रामपुर में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**रजपुरीकला।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल केंद्र रामपुर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। सुभाष एक्का द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में प्राचार्या श्रीमती रंजना सिंह ठाकुर द्वारा शाला प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा गया। सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर, पुस्तक व गणेश देकर प्रोत्साहित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए और एक विश्वास के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने तथा आगे बढ़ते के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राम लखन यादव तथा आभार प्रदर्शन अमरदीप गुप्ता द्वारा किया गया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कस्तूरबा की 4 छात्राओं ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड एवं सिल्वर मेडल

**अम्बिकापुर।** रायगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय झिरमिट्टी की चार छात्राओं ने तीन गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जितने वाली छात्राओं में कुमारी कीर्ति सिंह, कुमारी निशा लकड़ा, कुमारी आकांक्षा सिंह प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं कुमारी स्तुति सिंह ने द्वतीय स्थल पाकर सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जीतने वाली छात्रा कीर्ति सिंह एवं स्तुति सिंह के पिता नहीं है वही निशा और आकांक्षा के पिता किसान है। छात्राएं आर्थिक रूप से काफी कमजोर है तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्यनरत हैं। प्रतियोगिता में विजय हासिल करने के बाद छात्राओं ने बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



### नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने निकाला मशाल जुलूस



**राजपुर।** नीट पेपर लीक को लेकर आज एनएसयूआई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एनएसयूआई के सोशल मिडिया जिलाध्यक्ष आदित्य विभु जायसवाल के नेतृत्व में नगर में मशाल जुलूस निकाला गया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की गई। छात्र संगठन ने केंद्र शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की। इस दौरान श्री जायसवाल ने बताया कि देश में 7 वर्षों के अंदर लगभग 70 बार पेपर लीक हो चुका है जिसकी जिम्मेदारी केंद्र की भाजपा सरकार और उनके शिक्षा मंत्री की है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जुलूस के दौरान युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज यादव, विकास यादव, नितिन गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुरेश पन्ना, मनीष कश्यप, शुभम बघेल, लक्की भारती मनीष बघेल व कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्र से मारपीट, प्रधान पाठक निलंबित

**सूरजपुर।** छात्र के साथ मारपीट करने के मामले में प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला धनुहारपारा के प्रधान पाठक आत्मादास मानिकपुरी द्वारा कक्षा पहली के छात्र से मारपीट की गई थी। इस घटना की शिकायत कलेक्टर, डीईओ से की गई थी। शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मारपीट की पुष्टि हुई। ऐसे में प्रधान पाठक द्वारा की गई मारपीट को शिक्षकीय गरिमा के विपरीत तथा अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया है और प्रधान पाठक को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री मानिकपुर को विकासखंड प्रेमनगर का मुख्यालय छोडकर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय प्रतापपुर निर्धारित किया गया है।

### आवास योजना में हितग्राहियों की दी गलत जानकारी, सचिव निलंबित

**सूरजपुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र अपात्र हितग्राहियों की गलत जानकारी देने के मामले में पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गाम पंचायत पकनी व प्रभारी पंचायत सचिव रैसरा घनश्याम साहू द्वारा ग्राम सभा प्रस्ताव के माध्यम से प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र अपात्र हितग्राहियों के संख्या की जानकारी त्रुटिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत की गई। इस मामले में पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था लेकिन सचिव द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में पदीय कर्तव्यों, दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही करने के कारण पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं। निलंबित अवधि में कार्यालय जनपद पंचायत ओड़गी, जिला सूरजपुर नियत किया गया है ।

### पेड़ से गिरा ग्रामीण, उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ रहा ग्रामीण पैर फिसल जाने से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर क्षेत्र के पोकड़ा थाना अंतर्गत ग्राम हेडकापा निवासी केलमेंट एक्का आ. स्व. अलविश एक्का (47 वर्ष) मंगलवार की सुबह गांव में घूमने निकला था। इसी दौराप गांव में पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ने लगा तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। पेड़ के नीचे ग्रामीण को अचेत हालत में देख परिजन ने उसे संजीवनी 108 से कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## चिलचिलाती धूप में सूख रही खेतों की नमी

# सरगुजा में सामान्य से 67 फीसदी कम वर्षा मौसम की बेरूखी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में मौसम की बेरूखी से संकट गहराते जा रहा है। सामान्य से बेहद कम वर्षा होने के कारण खरीफ खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई प्रभावित होगी।

**खास बात**

- कम वर्षा होने के कारण नहीं हो पा रही धान की रोपाई

मानसून पूर्व की वर्षा से उत्साहित कृषकों ने समय पर खरीफ खेती की तैयारियां पूरी कर ली है। बड़ी संख्या में किसानों ने धान का बीड़ा भी तैयार कर लिया है। विभिन्न क्षेत्रों के किसान अभी भी बीड़ा लगाने के लिए वर्षा होने का इंतजार कर रहे हैं। मक्का, दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई पर तो खास प्रभाव नहीं पड़ा है लेकिन धान की खेती के लिए अभी पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। समय से लगाया गया धान का बीड़ा तैयार हो गया है लेकिन खेतों में पानी की कमी होने के कारण किसान धान की रोपाई नहीं करा पा रहे हैं। साधन संपन्न किसान ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई कर धान की रोपाई करा रहे हैं लेकिन वर्षा पर निर्भर किसानों की खेती अटक गई है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा खेती पिछड़ जाएगी। पिछले साल भी मानसून काफी विलम्ब से पहुंचा था लेकिन चालू सत्र से अधिक वर्षा हुई थी। छत्तीसगढ़ में समय पूर्व दस्तक देने के बावजूद इस बार भी मानसून विलम्ब से पहुंचा। हालत यह है कि विपरीत मौसमी घटकों के कारण इस बार न तो जून में ही वर्षा का कोटा पूरा हुआ न ही जुलाई के 10 दिनों में। सरगुजा में जून के महीने में औसत 221.1 मिमी जबकि जुलाई के शुरूआती 10 दिनों में औसत 115 मिमी वर्षा होती है। इस बार जून में मात्र 115.8 मिमी वर्षा हुई। जून में मानसून के कमजोर होने के कारण जुलाई में अच्छी वर्षा होने की उम्मीद थी लेकिन मानसून ने निराश किया। जुलाई के प्रारम्भ में मौसम में आए बदलाव से अच्छी वर्षा होने की उम्मीद लगाई जा रही थी लेकिन बादलों की आवाजाही में समय गुजर गया। पिछले चार दिनों से प्रायः हर दिन वर्षा हो रही है लेकिन वर्षा का आंकड़ा 1-2 मिमी से आगे नहीं बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति अकेले सरगुजा जिले की नहीं है बल्कि संभाग के सभी जिले अल्प वर्षा से प्रभावित हैं। दक्षिणी छत्तीसगढ़ के जिलों में लगातार अच्छी वर्षा हो रही है वहीं उत्तरी छत्तीसगढ़ में लोग वर्षा की कमी से जूझ रहे हैं। अल्प वर्षा से खरीफ खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है चिलचिलाती धूप निकलने के कारण खेतों की नमी तेजी से सूख रही है साथ ही गर्मी व उमस बढ़ गई है।



खेत में तैयार धान का बीड़ा।

**मानसून सीजन के 40 दिन पूरे**

वर्षा ऋतु 1 जून से शुरू होती है तथा 30 सितम्बर तक रहती है। इसे मानसून सीजन के नाम से परिभाषित किया गया है। इस दृष्टि से 40 दिन के मानसून सीजन का एक तिहाई समय पूरा हो गया है। इस अवधि में सरगुजा में अब तक सामान्य वर्षा 336.1 मिमी की तुलना में मात्र 133.6 मिमी वर्षा हुई है जो सामान्य से 67 फीसदी कम है। वर्षा की दृष्टि से सरगुजा संभाग में बलरामपुर की स्थिति ठीक है। बलरामपुर में औसत वर्षा 216.1 मिमी की तुलना में 230.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य से 7 फीसदी अधिक है। जशपुर नगर में सामान्य वर्षा 378.0 मिमी की तुलना में 51 फीसदी कम 185.8 मिमी वर्षा हुई है। इसी तरह सूरजपुर में 278.8 मिमी की तुलना में 45 फीसदी कम 153.9 मिमी कम एवं कोरिया में 269.1 मिमी की तुलना में 171.5 मिमी वर्षा हुई है जो सामान्य से 36 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।

**द्रोणिका की स्थिति बदलने का इंतजार**

मौसम विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में है तथा सरगुजा के ऊपर से गुजर रही है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, शिवपुरी, डाल्टेनगंज, पुरूलिया होते हुए उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार जहां से द्रोणिका गुजरती है वहां नाममात्र की वर्षा होती है जबकि द्रोणिका के ऊपरी एवं निचले हिस्से में अच्छी वर्षा होती है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि द्रोणिका की स्थिति में 24 घंटे के भीतर बदलाव आने की संभावना है। द्रोणिका की स्थिति बदलते ही सरगुजा में अच्छी वर्षा होगी एवं कमी पूरी हो जाएगी। मंगलवार को दोपहर में पहली बार मौसम कार्यालय द्वारा 66 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है।



### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीटू ने जीएम कार्यालय में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला श्रमिक संघ सीटू द्वारा को ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर एसईसीएल क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

बुधवार को कोयला श्रमिक संघ सीटू के क्षेत्रीय अध्यक्ष जीएस सोढ़ी के नेतृत्व में ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया गया। यहां पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में संगठन द्वारा मांग किया गया है कि चार लेबर कोड को समाप्त किया जाए। मंहगाई पर रोक लगाई जाए। निजीकरण व ठेकाकरण पर रोक लगाई जाए, ठेका श्रमिकों को कम से कम 26 हजार रुपए वेतन व कम से कम 10 हजार रुपए पेंशन दिया जाए। कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ठेकाकर्मियों को नियमित किया जाए, श्रमिकों को समान काम समान वेतन दिया जाए, ठेका श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान कराया जाए, खाली पड़े सरकारी पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए, पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए। इस दौरान आंदोलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष जीएस सोढ़ी के अलावा ललन सोनी, जेपी पांडेय, शमीम अली, सनत कुमार, मनोज, अभय सिन्हा व अन्य उपस्थित थे।

### पिकअप चालक की पिटाई कर 12 हजार की लूट, मामला दर्ज

**अम्बिकापुर।** फल मण्डी में काम करने के बाद रात्रि में घर लौट रहे पिकअप चालक को बीच सड़क पर रोककर युवकों ने जमकर पिटाई की एवं उसकी जेब से 12 हजार रूपए लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने आरोपी मोहित मालाकार पुत्र सुख मालाकार, अभय समद्दार सहित अन्य तीन के विरूद्ध धारा 296, 115, 351 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पीड़ित डिगमा नेहरूनगर निवासी अंकित मण्डल आ. सुशांत मण्डल ने बताया कि 7 जुलाई को रात्रि 10.30 बजे वह पिकअप चलाकर घर जा रहा था। इस दौरान वाहन सवार आरोपियों ने बीच सड़क पर रोक गाली-गलौच व मारपीट करने लगे तथा जेब में रखा 12 हजार रूपए लूट कर फरार हो गए। मामले में पुलिस द्वारा सामान्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने पर पीड़ित ने एसपी से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया एवं सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### लोहे के पोल समेत अन्य सामानों की चोरी तीन कबाड़ चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सब स्टेशन, एक्सवेशन समेत कुमदा 7/8 खदान क्षेत्र से पोल व बेशकीमती कलपुर्जे चोरी क़र लेने मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि सोमवार को दिनदहाड़े एसईसीएल बिश्रामपुर के सब स्टेशन से एक्सवेशन वर्क शॉप स्थित डीजल डिपो को विद्युत सप्लाई के लिए बिछाए गए तीन नग बड़े लोहे के खंभे को कटर मशीन से काटकर चोरों ने पार कर दिया था। साथ ही वहां पड़े लोहे के पांच नग पाइप भी चुराकर अपने साथ ले गए थे।लोहे के खम्बों को काटकर पार करने की वजह से सोमवार को दिन भर प्रबंधन के डीज़ल डिपो स्थित विद्युत सप्लाई का कार्य बाधित रहा। देर शाम को प्रबंधन ने काटे गए पोल के जगह दूसरा पोल लगाकर पॉवर सप्लाई चालू कराया, जिसके बाद यहां व्यवस्था सामान्य हो पाई। मामले में एसईसीएल सुरक्षा विभाग के कन्हैया लाल पिता स्व. रामनारायण की रिपोर्ट पर पुलिस ने क्षेत्र के सक्रिय कबाड़ी कारोबारी पौवापारा झुग्गी निवासी नितेश सिंह समेत शनि बरई व डीपु बरई के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने काटा, मौत

**अम्बिकापुर।** जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन सर्पदंश पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम द्वारिका नगर निवासी नान सिंह आ. प्रेम सिंह (45 वर्ष) बीती रात अपने कमरे में जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने उसे काट लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## परिसीमन के दौरान धारा 10-3 का नहीं किया पालन, इंजीनियर से लगवाई गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम चुनाव से पहले किया गया परिसीमन विवादों में घेरे में आ गया है और अब इसे लेकर कांग्रेस सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ने के मूड में है। इसके साथ ही कांग्रेस ने फिर से आरोप लगाया है कि परिसीमन का कार्य भाजपा कार्यालय में किया गया और निगम के इंजीनियर से सील लगवाया गया। उन्होंने परिसीमन के दौरान अधिनियम की धारा 10/3 का खुलेआम उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

- कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया आरोप, अधिकारियों पर दबाव में काम करने की शिकायत, जाएंगे न्यायालय

परिसीमन को लेकर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि अधिकारियों द्वारा किए गए परिसीमन में अधिनियम की धारा 10/3 का उल्लंघन किया गया है। अधिनियम के तहत सभी वार्ड आपस में कसे हुए होने चाहिए लेकिन सभी वार्डों की सीमा बेतरतीब है। वार्ड बिखरे हुए है और इसका नुकसान जनता को भी उठाना पड़ेगा वहीं जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास कार्य करने में दिक्कत होगी। ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा किए गए परिसीमन से संविधान व अधिनियम का मजाक उड़ाया गया है। परिसीमन शुरू होने के बाद शहर में लगातार इस तरह की चर्चा भाजपा के लोग कर रहे थे कि परिसीमन इस बार भाजपा के अनुरूप कराया जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था और जब परिसीमन का प्रकाशन किया गया तो इस बात की पुष्टि हो गई कि परिसीमन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नहीं बल्कि राजनैतिक दल के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि परिसीमन के दौरान मैदानी अमला किसी भी वार्ड में नहीं गया। परिसीमन के दौरान वार्डों की सीमाओं, आबादी का अध्ययन नहीं किया गया। परिसीमन में सीमाओं का जो निर्धारण किया गया उसमें भी विसंगतियां है। ननि अधिकारियों का यह परिसीमन एक राजनैतिक दल को फायदा पहुंचाने के रूप में किया गया जहां से उन्हें वोट नहीं मिलेगा उस क्षेत्र को काटकर हटा दिया गया।




उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन के दौरान किसने सर्वे किया, कौन से विभाग के लोग वार्ड में गए किस आधार पर आंकड़ा बनाया गया इसकी जानकारी नहीं है। वार्डों का जारी किया गया 2612 का आंकड़ा पूरी तरह से फर्जी है और इसकी जांच होनी चाहिए क्यों कि कहीं से दस्तावेज बनकर आए और उसे जारी कर दिया गया। निगम के इंजीनियर को सीमाओं व आंकड़ों की जानकारी नहीं है। भाजपा द्वारा लगाए गए आरोप पर सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि हम चुनाव से डर नहीं रहे है। पूरी ताकर से चुनाव लड़कर निगम में फिर से अपनी सरकार बनाएंगे लेकिन भाजपा को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सत्ता में काबिज है तो अधिनियम का पालन करना होगा। नगर निगम के आयुक्त और इंजीनियर एक दिन वार्ड में नहीं गए इस लिए इस परिसीमन के खिलाफ सड़क पर लड़ाई लड़ेंगे और जरूरत पड़ी तो न्यायालय की शरण ली जाएगी। लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि भाजपा नगर निगम चुनाव में सत्ता का खुला दुरूपयोग कर सत्ता में काबिज होना चाह रही है लेकिन हम दमखम से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। भाजपा की नगर निगम सरकार में किस तरह सत्ता का दुरुपयोग किया गया सभी जानते है और प्रमाणित शिकायत देने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होती थी। भाजपा ने अधिकारियों पर भी बस्तर भेजने का दबाव परिसीमन के दौरान बनाया लेकिन उन्हें किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं है। इस दौरान वरिष्ठ नेता जेपी श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, द्वितेन्द्र मिश्रा, दीपक मिश्रा, जीवन यादव आदि मौजूद थे।

**वार्डों की जनसंख्या में गड़बड़ी**

पत्रकारों से चर्चा के दौरान महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल, शफी अहमद ने कहा कि चुनाव आयोग ने अधिनियम की धारा 10/3 का पालन करते हुए 2011 की जनगणना अनुरूप हुई जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए परिसीमन करने के निर्देश दिए थे। नियम के अनुसार वार्डों की सीमाएं सामान और आपस में कसी हुई होनी चाहिए थी लेकिन इसका पालन नहीं हुआ। 2011 के जनसंख्या को आधार माना गया है लेकिन कोई जनगणना राज्य, केंद्र सरकार द्वारा नहीं कराया गया है इस लिए वास्तविक आंकड़ा किसी के पास नहीं है। परिसीमन में रामानुज वार्ड ढाई किलोमीटर दूर नमनाकला रिंग रोड में जाकर समाप्त हो रहा है। वार्ड नंबर 21 में 7 से 8 सौ मतदाता जोड़ दिए गए और एक भी नाम नहीं काटा गया। यदि 2019 के परिसीमन में इस वार्ड की आबादी 2608 थी तो 800 लोगों को जोड़ने के बाद फिर से 2618 कैसे हो सकती है। विवेकानंद वार्ड में आबादी पूर्व में 2604 थी और 500 लोगों को काटने के बाद नए परिसीमन में आबादी 2608 कैसे हो सकती है। वार्ड क्रमांक 8 में 500 लोगों को काटा गया और एक भी नाम नहीं जोड़े तो फिर वर्तमान में वार्ड की संख्या औसत 2607 कैसे है। इसी तरह आंकड़ों की गड़बड़ी कमरे में बैठकर अधिकारियों द्वारा सभी वार्डों में की गई है।

## जल-जीवन मिशन व बिजली की समस्याओं को लेकर जिपं अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायतों की विद्युत व पेयजल सहित चार सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणों ने जिपं अध्यक्ष राज कुमारी मरावी एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मराबी के नेतृत्व में एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी एवं कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव भजन मरावी ने बताया कि शासन ने हाथी प्रभावित ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर, हरिहरपुर व धूमाडांड़-कोड़ाकु पारा में एक वर्ष पूर्व नए ट्रांसफार्मर लगाने की स्वीकृति प्रदान की थी। जिसके लिए ठेकेदार ने पोल गाड़ने का काम तो पूरा कर दिया परंतु ट्रांसफार्मर लगाने के काम में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण ट्रांसफार्मर न लगने से रात दिन जंगली हाथियों की आवाजाही वाले ग्रामीण क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहते हैं। इसके अलावा लंबे समय बीत जाने के बावजूद प्रतापपुर विकासखंड के 70 प्रतिशत गांवों में अभी तक नल से जल देने का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। ग्राम पंचायत बरपटिया में तो नल से जल देने के लिए अभी तक पानी टंकी का निर्माण भी शुरू नहीं हो सका है। जल जीवन मिशन के कार्य को समय सीमा में पूर्ण न करने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारी सिर्फ कागजों में ही कार्य पूर्ण दिखाकर खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं। कई गांवों में तो ठेकेदार कार्य को अधूरा छोड़कर गायब है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम किया जाएगा।



**तारापानी में अधूरा पड़ा है टंकी निर्माण**

ग्राम पंचायत चांचीडांड़ के तारापानी में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे टंकी निर्माण को ठेकेदार ने अधूरी हालत में छोड़ रखा है। इसके अलावा तारापानी में दो सोलर पंप लगे हुए थे जिसमें एक खराब था तथा दूसरे को विभागीय कर्मचारी निकालकर ले गए थे। जिसके कारण ग्रामीणों को नदी का पानी पीना पड़ रहा था। शिकायत के बाद खराब पड़े सोलर पंप को तो बना दिया गया परंतु तारापानी में निवासरत कोड़ाकू समुदाय के आधे परिवारों को ही पानी मिल पा रहा है। बाकी के परिवार सोलर पंप न लगने से अभी भी नदी का ही पानी पीने को मजबूर

### हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**बतौली/सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात भी हाईवा वाहन के चालक ने लापरवावही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत झरगवां निवासी राजेश्वर राम नायक आ. वेदराम (28 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवी 9968 से गावं के ही मंदीप (24 वर्ष) के साथ बतौली किसी काम के सिलसिले में आया था। रात लगभग 11 बजे दोनो बाइक से घर जा रहे थे और जैसे ही ग्राम झरगंवा मोड़ से पहले राजस्थान ढाबा के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे एल्युमिनियम फैक्ट्री सिलसिला में चलने वाली तिवारी बिल्डकॉन हाइवा क्रमांक सीजी 15 ए सी 2356 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हाईवे के नीचे फंसे गए बाइक सवार राजेश्वर दूर तक घसीटता चला गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक मंदीप गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है जहां घायल का उपचार जारी है।

## शिवनंदनपुर को नगर पंचायत नहीं बनाने पर किया जाएगा आंदोलन : ललित

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने का मामला अब दिनों दिन गहराता जा रहा है। नगर पंचायत गठन को लेकर जहां एक पक्ष द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई है, वहीं दूसरी ओर के पक्ष द्वारा इसका समर्थन करते हुए नगर पंचायत गठन नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने की बात कह रहा है। प्रदेश सत्तापक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता ललित गोयल ने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने हेतु लंबे अरसे से सामूहिक प्रयास किया जा रहा है, जिसमें अब कुछ चंद लोगों द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा रही है, जो कि पूर्णतः अनुचित है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की वर्तमान में जनसंख्या 16,500 है और 5,600 मतदाता हैं। यहां पर अनुसूचित जनजाति के लोगों की करीब 1100 जनसंख्या है, जबकि वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार शिवनंदनपुर की जनसंख्या 6567 थी, जिसमें पुरुष 3388 और महिला 3179 थे। उसमें भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के महज 828 जनसंख्या है और 5739 सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लोग निवासरत थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में नगर पंचायत का दर्जा आज तक नहीं मिलने की वजह से ही यहां चारों तरफ गंदगी का आलम है। शांतिनगर, साहू कालोनी के अलावा शहर के बस्ती में न तो कहीं स्ट्रीट लाइट है और ना ही आवश्यकता अनुसार सीसी रोड बन पा रहे हैं। यहां पर गंदे पानी की निकासी के लिए नाली तक नहीं बन पा रही है, और न ही गांव में साफ सफाई हो पा रही है। यहां पर आज भी 80 प्रतिशत की आबादी सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग हैं और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लगभग 10 से 20 प्रतिशत लोग ही निवासरत हैं। नगर पंचायत बनने से शिवनंदनपुर का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने बताया कि अगर शिवनंदनपुर को नगर पंचायत नहीं बनाया गया तो मुख्य मार्ग के व्यापारी समेत स्थानीय वार्डों के अन्य लोग मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे ताकि जल्द से जल्द शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिल सके।

### रामलला दर्शन के लिए 17 जुलाई को अंबिकापुर से ट्रेन होगी रवाना

**सूरजपुर।** रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत सभी राम भक्तों के लिए विशेष ट्रेन 17 जुलाई को अंबिकापुर स्टेशन से रवाना होगी।

अयोध्या की यात्रा के लिए इच्छुक भक्त शासकीय सेवा को छोड़कर जिले के सभी जनपद कार्यालयों अथवा नगरीय निकायों में अपना पंजीयन करा सकते है। गौरतलब है कि भक्तों की आयु की न्यूनतम सीमा 18 एवं अधिकतम 75 वर्ष निर्धारित की गई है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736